IJARSCT

ISSN (Online) 2581-9429

International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)

International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal

Impact Factor: 7.53

Volume 4, Issue 4, June 2024

उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं बहु बुद्धि का अध्ययन

डॉ.ज्योति ताम्रकार

प्राचार्य, एस. वी. एन. कॉलेज, सिरोंजा, सागर, मध्यप्रदेश

शोध सारांश : प्रस्तुत अध्ययन उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं बहु बुद्धि का अध्ययन का उद्देश्य उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि का अध्ययन करना एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की बहु-बुद्धि का अध्ययन करना। परिकल्पनाएं: उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि में सार्थक अन्तर नहीं है। एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की बहु बुद्धि में सार्थक अन्तर नहीं है। वर्तमान अध्ययन की शोध विधि में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग उसके उद्देश्यों व विशेषताओं को ध्यान में रखकर किया गया है।शोधकर्ता द्वारा न्यादर्श के रूप में 500 छात्र एवं 500 छात्राओं को यादृच्छिकीय न्यादर्श विधि से चयनित किया गया है। शोधकर्ता ने उपकरण के रूप में सांवेगिक बुद्धि परीक्षण – डॉ. अरूण कुमार सिंह एवं डॉ. श्रुतिनारायन एवं बहु बुद्धि परीक्षण प्रश्नावली का निर्माण डॉ. यशपाल सिंह एवं योगेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया है। निष्कर्ष में पाया कि उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों की बहु-बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

महत्वपूर्ण शब्द : उच्च प्राथमिक स्तर, संवेगात्मक बुद्धि, बहु बुद्धि